तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 9 फरवरी 2025

13 तीन सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी...



14 मतदाताओं की शंकाओं व जिज्ञासाओं का किया जा...






## चुनाव : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले के सभी पांच विकासखंडों में प्रत्याशियों की सूची जारी

# ग्रामीण सत्ता के लिए 12940 उम्मीदवार मैदान में जंग से पहले ही 297 ने पीछे खींच लिए कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले में पांच विकासखण्ड बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी के तहत पंच पद के लिए 10929 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र भरा। उनमें से 30 के नाम निरस्त हो गए और 10899 वैध पाए गए। उनमें से 203 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। वहीं, सरपंच पद के लिए 1907 अभ्यर्थियों ने फार्म भरा, जिनमें से 1 निरस्त हो गया और 1906 नामांकन पत्र पात्र पाए गए। उनमें से 71 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया। सदस्य जनपद पंचायत में 376 अभ्यर्थियों ने पत्र दाखिल किया और सभी पात्र पाए गए। उनमें 13 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया। वहीं, जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 56 फार्म भरे गए। जिसमें 10 ने अपना नाम वापस लिया। इस प्रकार कुल 13268 अभ्यर्थियों ने फार्म भरा, जिसमें 13237 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है तथा 297 ने अपना नाम वापस लिया।



प्रपत्र क्रमांक – 2

पंचायत निर्वाचन वर्ष 2025 सामान्य
नाम निर्देशन पत्रों की खारिजी और अभ्यर्थिता की वापसी
(संशोधित)

दिनांक – 07.02.2025

| जिला का नाम | क्र. | विकासखंड का नाम | पद का नाम | अभ्यर्थियों की संख्या जिन्होंने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए | अभ्यर्थियों की संख्या जिनके नाम निर्देशन पत्र संविक्षा में निरस्त हो गए | अभ्यर्थियों की संख्या जिनके नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए | अभ्यर्थियों की संख्या जिनके नाम निर्देशन पत्र नियम 36 के अंतर्गत |  | अभ्यर्थियों की संख्या जिन्होंने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |  |  | पुनरीक्षण में लिए गए | पुनरीक्षण में स्वीकृत किये गए |  |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| बालोद | 1 | बालोद | 1. पंच | 1627 | 5 | 1622 | 1 | 0 | 62 |
|  |  |  | 2. सरपंच | 256 | 0 | 256 | 0 | 0 | 12 |
|  |  |  | 3. सदस्य जनपद पंचायत | 46 | 0 | 46 | 0 | 0 | 2 |
|  | 2 | गुरूर | 1. पंच | 2157 | 4 | 2153 | 0 | 0 | 0 |
|  |  |  | 2. सरपंच | 345 | 0 | 345 | 0 | 0 | 0 |
|  |  |  | 3. सदस्य जनपद पंचायत | 67 | 0 | 67 | 0 | 0 | 0 |
|  | 3 | गुण्डरदेही | 1. पंच | 3051 | 8 | 3043 | 0 | 0 | 84 |
|  |  |  | 2. सरपंच | 519 | 1 | 518 | 0 | 0 | 37 |
|  |  |  | 3. सदस्य जनपद पंचायत | 96 | 0 | 96 | 0 | 0 | 7 |
|  | 4 | डौण्डी लोहारा | 1. पंच | 2834 | 8 | 2826 | 4 | 3 | 57 |
|  |  |  | 2. सरपंच | 564 | 0 | 564 | 0 | 0 | 22 |
|  |  |  | 3. सदस्य जनपद पंचायत | 101 | 0 | 101 | 0 | 0 | 4 |
|  | 5 | डौण्डी | 1. पंच | 1260 | 5 | 1255 | 2 | 0 | 0 |
|  |  |  | 2. सरपंच | 223 | 0 | 223 | 0 | 0 | 0 |
|  |  |  | 3. सदस्य जनपद पंचायत | 66 | 0 | 66 | 0 | 0 | 0 |
|  |  | योग | 1. पंच | 10929 | 30 | 10899 | 7 | 3 | 203 |
|  |  |  | 2. सरपंच | 1907 | 1 | 1906 | 0 | 0 | 71 |
|  |  |  | 3. सदस्य जनपद पंचायत | 376 | 0 | 376 | 0 | 0 | 13 |
|  | 6 | सदस्य जिला पंचायत |  | 56 | 0 | 56 | 0 | 0 | 10 |
|  |  | महायोग |  | 13268 | 31 | 13237 | 7 | 3 | 297 |




**बालोद विकासखण्ड-** मिली जानकारी के अनुसार बालोद विकासखण्ड से पंच के लिए 1627 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 5 आवेदन निरस्त हुए, 1622 आवेदन पात्र पाए गए। उनमें से 62 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया। सरपंच के लिए 256 अभ्यर्थियों ने फार्म भरा जिसमें सभी पात्र पाए गए। जिसमें 12 ने अपना नाम वापस लिया। जनपद पंचायत सदस्य के लिए 46 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे सभी पात्र पाए गए। जिसमे 02 ने अपना नाम वापस लिया।

**गुरूर विकासखण्ड-** गुरूर विकासखण्ड के अंतर्गत पंच के लिए 2157 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 04 आवेदन निरस्त हुए तथा 2153 आवेदन पात्र पाए गए। सरपंच पद के लिए 345 आवेदन प्राप्त हुए सभी पात्र पाए गए किसी ने अपना नाम वापस नही लिया। जनपद पंचायत सदस्य के लिए 67 आवेदन प्राप्त हुए सभी पात्र पाए गए किसी ने अपना नाम वापस नहीं लिया।

**गुण्डरदेही विकासखण्ड-** गुण्डरदेही विकासखण्ड अंतर्गत पंच पद के लिए 3051 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 8 आवेदन निरस्त हुए 3043 आवेदन वैध पाए गए तथा 84 अभ्यार्थियो ने अपना नाम वापस लिया। सरपंच पद के लिए 519 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 1 आवेदन निरस्त हुए तथा 518 आवेदन वैध पाया गया तथा 37 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया। जनपद पंचायत सदस्य के लिए 96 आवेदन प्राप्त हुए सभी वैध पाए गए। जिसमे 7 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया।

**डौण्डीलोहारा विकासखण्ड -** डौण्डीलोहारा विकासखण्ड अंतर्गत पंच के लिए 2834 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 8 आवेदन निरस्त हुए तथा 2826 आवेदन वैध पाए गए। जिसमे 57 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया। सरपंच पद के लिए 546 अभ्यार्थियो ने आवेदन जमा किया। सभी के आवेदन वैध पाए गए। जिसमे 22 आवेदको ने अपना नाम वापस लिया। जनपद पंचायत सदस्य के लिए 101 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किया। जिसमे सभी आवेदन पात्र पाए गए, जिसमे 4 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया।

**डौण्डी विकासखण्ड-** डौण्डी विकासखण्ड अंतर्गत पंच पद के लिए 1260 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किया जिसमे 5 आवेदन अपात्र पाए गए जिसमे 1255 आवेदन पात्र पाए गए। सरपंच पद के लिए 223 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे सभी आवेदन पात्र पाए गए। जनपद पंचायत सदस्य के लिए 66 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे सभी आवेदन वैध पाए गए।

## खबर संक्षेप

### ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा 20 से

**अंडा।** शंकर भोला महिला भजन मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अण्डा गुरुवार बाजार चौक में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 20 से 24 फरवरी तक किया जा रहा है। व्यासपीठ आचार्य पं. महेन्द्र पाण्डेय कथा का रसास्वादन कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। 20 फरवरी को वेदी पूजन कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। 21 को शिव महापुराण परिचय शिवलिंग उत्पत्ति पूजन विधि, 22 को नारद मोह दक्ष प्रसंग कुबेर का पूर्व चरित्र, 23 को सती चरित्र शिव सती विवाह यज्ञ विध्वंश, शिव पार्वती विवाह, कार्तिक गणेश प्राकट्य तारकासुर वध, त्रिपुरासुर वध जालंधर वध, 24 को माता तुलसी की कथा, महिषासुर वध 12 ज्योर्तिलिंग वर्णन, पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, हवन पूजा के बाद 24 फरवरी को शाम 5 बजे से भंडारा प्रसादी एवं शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



### नल की पाइप टूटने पर मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम सुखरी में नल की पाइप टूटने पर युवती व दंपती के बीच विवाद व मारपीट की नौबत आ गई। पुलिस के अनुसार जसवंत टंडन ने बताया कि 5 फरवरी को शाम श्वेता घर के सामने रोड पर बेटा भूपेंद्र टंडन खेल रहा था। बेटे का दोस्त समीर ने घर में आकर बताया कि भूपेंद्र को श्वेता मार रही है। उसके बाद पत्नी निमेश्वरी टंडन के साथ शाम को श्वेता के घर के सामने पहुंचे, तो वह हाथ मुक्का से मारपीट कर रही थी। बीच बचाव करने के दौरान गाली गलौज कर विवाद करने लगी। डंडे से हाथ, सिर को मारा। वहीं श्वेता ने बताया कि जसवंत का बेटा भूपेंद्र घर के नल की पाइप को तोड़ दिया था। इसी बात को लेकर भूपेंद्र को डांट रही थी, तभी शाम को जसवंत टंडन, उसकी पत्नी बेटे को क्यों मारी हो कहकर मारपीट की। दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर रनचिरई थाने में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115 (2), 296 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### घर के सामने से स्कूटी ले उड़े चोर, शिकायत दर्ज

बालोद। वेयर हाऊस जगतरा के चौकीदार के घर के सामने से रात के अंधेरे में अज्ञात चोर ने स्कूटी चोरी कर ली। बालोद थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में बालोद निवासी शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि एक्टिवा क्र. सीजी 07 एलडब्ल्यू 1933 जो मेरी पत्नी भुपेश्वरी शर्मा के नाम पर थी, उसे 5 फरवरी को रात में घर के सामने में रखा था। 6 फरवरी की सुबह देखा तो हमारी स्कूटी उस जगह पर नहीं थी। जिसके बाद मैंने अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# सीईओ ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. कन्नौजे ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बालक) गुरूर में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। डॉ. कन्नौजे ने प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी और मतदान दल अधिकारी के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली। डॉ. कन्नौजे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि वो निर्वाचन को बिना किसी पक्षपात के निष्पक्ष भाव से सुचारू एवं शांति पूर्ण रूप से क्रियान्वित और सफल बनाने के लिए पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की शंका का त्वरित समाधान प्रशिक्षण के दौरान करें। उन्होंने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। इस अवसर पर उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, रिटर्निंग आफिसर गुरूर हनुमन्त श्याम, जनपद पंचायत के सीईओ उमेश रात्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बेटे के दुष्कर्म मामले में फंसने की झूटी सूचना देकर पिता से की थी ठगी

# साइबर अरेस्ट मामले का एक आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- आरोपी का फोन आने के बाद बुजुर्ग ने उसके खाते में ट्रांसफर किए थे 1 लाख 90 हजार

आपका लड़का बलात्कार के केस में फंस गया है कहकर ठगी करने के आरोपी के साथी को बालोद पुलिस ने मैसूर कर्नाटक से गिरफ्तार किया है। आरोपी बेलसांड थाना बरौली जिला भोपालगंज बिहार निवासी कृष्णा यादव पिता स्व. चंद्रिका यादव 24 वर्ष ने अपने साथियों को अपना खाता नम्बर, सीम व एटीएम मुहैया कराया था। साइबर अपराधियों को पकड़ने में लगातार बालोद पुलिस को सफलता मिल रही है।



26 मई 2024 को अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा वाट्सअप वाइस काल करके बोला गया कि मैं थाना बालोद से बोल रहा हूं आपका लड़का बलात्कार केस में फंस गया है। उसको निकालना चाहते हो तो मेरे खाता नम्बर में पैसा डालना पड़ेगा। इस तरह ग्राम खपरी थाना व जिला बालोद निवासी युगल किशोर साहू पिता झाडू राम साहू 56 वर्ष को धोखा देकर प्रार्थी से कुल 1 लाख 90 हजार रूपये अपने खाते में डलवाकर धोखाधड़ी की। इसकी रिपोर्ट प्रार्थी द्वारा थाना बालोद में करने पर आरोपी के खिलाफ धारा 420 ▶▶| शेष पेज 13 पर

# जंगल में लावारिस स्थिति में मिली दुपहिया सशक्त एप से मिला वाहन मालिक का पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सशक्त एप के माध्यम से चोरी हुए वाहन को बरामद करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज द्वारा बनाये गये सशक्त एप से चोरी हुये बाइकों की पता तलाशी की जा रही है। इसके परिणाम स्वरूप लावारिस चोरी बाइक सशक्त एप के माध्यम से मिलने लगी है। चोरी की गाड़ियों, लावारिस गाड़ियों का पता लगाने के लिए सशक्त एप लांच किया गया है। थाना क्षेत्रांतर्गत लगातार सघन पेट्रोलिंग के दौरान 08 फरवरी को पर्यावरण पार्क के सामने खड़े वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पर्यावरण पार्क के आगे दैहान जंगल में लावारिस हालत में एक्टिवा क्रमांक सीजी 24 आर 9656 खड़ी मिली, जो संदिग्ध प्रतीत हो रही थी। उसके संबंध में सशक्त एप के माध्यम से जानकारी ली गई। इससे उक्त वाहन स्वामी शंकर नगर दुर्ग जिला दुर्ग निवासी विनोद यादव पिता नेतराम यादव उम्र 49 वर्ष का होना पाया गया। उक्त वाहन के चोरी होने के संबंध में थाना दुर्ग जिला दुर्ग में 15 जून 2024 को अपराध पंजीबध्द होना पाया गया है।




## कृषि चौपाल कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का हुआ प्रसारण

# किसानों को दी गई कीट व्याधि प्रबंधन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




कृषि चौपाल कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का आयोजन 8 फरवरी को दोपहर 2 से 3 बजे तक भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकॉस्ट के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र, बालोद में जिला बालोद के किसानों को दिखाया गया एवं किसानों के साथ संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों की भागीदारी रही।

शनिवार को भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कृषि और किसान कल्याण विभाग के माध्यम से कृषि शिक्षा और सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि चौपाल कार्यक्रम प्रसारण किया गया। इसका उद्देश्य किसानों का कृषि विशेषज्ञों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।

कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. केआर साहू ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों के कीट व्याधि के समन्वित प्रबंधन के बारे में बताया। कृषकों एवं वैज्ञानिकों के मध्य चर्चा में एआर गौर विषय वस्तु विशेषज्ञ, प्राकृतिक खेती के बारे में चर्चा की। पौध रोग विशेषज्ञ डॉ. भीमेश्वरी साहू एवं दीपशिखा मनु चंद्राकर ने रबी फसलों के रोगों की जानकारी दी एवं डॉ. नीतू सोनकर ने पशुपालन विषय जैसे कृत्रिम गर्भाधान व पशु आचार का विस्तार से वर्णन किया। इफको के राठौर एवं दिनेश गांधी ने नैनो युरिया, नैनो डीएपी एवं वेस्ट डीकम्पोजर के उपयोग एवं लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में केन्द्र के केके. लहरे, थानेश्वर कुमार साहू, हेमलता नेताम एवं केन्द्र के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मकान में चोरी, तीन आरोपी धरे गए



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरोना स्थित दीपक पांडे के मकान में 4 फरवरी की रात चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ईश्वर ध्रुव, राहुल गोखले एवं अमनकुमार ऊर्फ चेपला को गिरफ्तार किया है। तीनों बीएसयूपी कॉलोनी सरोना के रहने वाले हैं। तीनों के कब्जे से चोरी के सामान में सोने का मंगलसूत्र, लॉकेट, अंगूठी जोधा रिंग, कान की बाली, नथनी, चांदी की पायल, बिछिया व नकदी सहित दो लाख रुपए जब्त किए हैं।

### सेंट्रल जेल का सहायक अधीक्षक और प्रहरी सस्पेंड

**रायपुर।** रायपुर केंद्रीय जेल में बीते 31 जनवरी को सजा काट रहे बंदियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। सहायक जेल अधीक्षक उदय राज गायकवाड़, प्रहरी जागेश्वर कुर्रे और पवन जायसवाल को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य के निर्देश पर की गई है। बंदी पीयूष पांडे के पिता पुरुषोत्तम पांडे ने आरोप लगाया था कि विगत 31 जनवरी को एनडीपीएस के आरोप में 18 महीने से रायपुर केंद्रीय जेल में सजा काट रहे एक बंदी पीयूष पांडे की मां उससे मिलने गई थी। इस दौरान मिलने का समय 10 मिनट से अधिक होने पर प्रहरी बंदी की मां से 10 हजार रुपए की मांग करने लगे। वहीं पैसे न देने पर प्रहरियों ने पीयूष के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसका पैर तोड़ दिया। इस घटना में उसका घुटना भी टूट गया।

### कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग पर की चर्चा



**रायपुर।** दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम रबी 2024-25 का आयोजन संयुक्त रूप से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर और कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिक विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 6 एवं 7 फरवरी को समिति आईजीकेवी रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो मुख्यतः पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटरों, कीटनाशक व्यापारी, किसान मित्र एवं प्रगतिशील किसान थे। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त संचालक कृषि गया राम, और उप निदेशक नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों को कीटनाशक अधिनियम और नियम के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा कीटनाशकों के सुरक्षित और उचित उपयोग के बारे में चर्चा की गई।

### वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगों तथा थर्ड जेंडर समुदाय ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जाबो जागव वोटर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए माना कैंप स्थित शासकीय वृद्धाश्रम से रैली की शुरुआत की गई। संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव तथा जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेष विद्यालय, फिजिकल रेफरल सेंटर, राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र, शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय, मानसिक रूप से अविकसित गृह, बहु दिव्यांग गृह, अस्थि बाधित विशेष विद्यालय के बच्चों के साथ वरिष्ठ नागरिक तथा तृतीय लिंग समुदाय के सदस्य शामिल हुए। शुक्रवार के कार्यक्रम में लगभग 600 दिव्यांग, वृद्धजन एवं थर्ड जेंडर समुदाय के सदस्य शामिल हुए।

# पढ़ाई सीबीएसई की, परीक्षा सीजी बोर्ड की, अब रायपुर केपीएस में पालकों का हंगामा

## पांचवी-आठवीं के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़, डीईओ ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सालभर सीबीएसई के पाठ्यक्रम के अनुरूप पढ़ाई करने के बाद कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने पांचवी-आठवीं के बच्चों की परीक्षा सीजी बोर्ड से लिए जाने घोषणा कर दी। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ होने से नाराज पालकों ने आरंग के बाद रायपुर के शंकरनगर स्थित केपीएस में जमकर हंगामा कर दिया। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जानकारी के अनुसार आरंग और रायपुर के केपीएस के ब्रांच में पांचवी और आठवीं के करीब दो सौ छात्र पढ़ाई करते हैं। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन उनके बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। सालभर बच्चों को सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराई गई है और अब परीक्षा का आयोजन सीजी बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुसार करने की तैयारी है। इस बात से नाराज दोनों स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के पालकों ने स्कूलों में हंगामा कर दिया। गुरुवार को आरंग के कृष्णा पब्लिक स्कूल में पालकों की भीड़ जुटी रही और उन्होंने स्कूल प्रबंधन को आड़े हाथों लिया। इसके बाद शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के अभिभावक राजधानी के शंकरनगर स्थित केपीएस में एकत्रित हुए और इस मामले में स्कूल प्रबंधन के कामकाज पर अंगुली उठाई। काफी देर तक हंगामा होता रहा और स्थिति विपरीत होने की आशंका पर स्कूल प्रबंधन की ओर से उच्च स्तर पर बातचीत कर सोमवार तक उन्हें जानकारी देने का आश्वासन दिया गया है। इस मामले को शिक्षा विभाग ने भी गंभीरता से लिया है। उनकी ओर से केपीएस के दोनों ब्रांच के प्रबंधन को नोटिस जारी कर सोमवार कर तक जवाब मांगा गया है।

### बच्चे के परफारमेंस पर असर

बच्चों के पैरेंट्स प्रतिभा राजपूत, गौरव चंद्राकर ने बताया कि दोनों के पैटर्न अलग-अलग हैं, इसलिए बच्चों के लिए यह समस्या का कारण बन सकता है और उनके परफार्मेंस पर भी इसका असर हो सकता है। उनका यह आरोप है कि शुरुआत में उनसे फीस सीबीएसई के अनुसार ली गई है, मगर परीक्षा सीजी बोर्ड के अनुसार ली जा रही है। इसे लेकर स्कूल प्रबंधन से चर्चा की गई, मगर उसकी ओर से शासन के नियम का हवाला दिया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि सीबीएसई में पांचवीं, आठवीं के होम एग्जाम हैं, जिसे होल्ड पर रखा जा रहा है।




### नोटिस दिया पूछताछ करेंगे

स्कूलों को मान्यता शिक्षा बोर्ड देता है। इस मामले में दोनों स्कूलों को नोटिस जारी कर परीक्षा पैटर्न में बदलाव के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

**- विजय खंडेलवाल,** जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर

## 60 से ज्यादा लोगों से कर चुके हैं 5 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी

# ठग गिरोह का भंडाफोड़, छह जालसाज गिरफ्तार सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर करते थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने सरकारी विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के लोग मंत्रालय के उच्च अधिकारियों से परिचय होना बताकर लोगों को अपने झांसे में लेकर उनसे मोटी रकम लेकर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे।प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि गिरोह 60 से अधिक लोगों को अपना शिकार बना चुका है, जिनसे 5 करोड़ रुपए से भी अधिक रकम लेकर धोखाधड़ी की गई है।

पुलिस ने आशंका जताई है कि इस गिरोह में और कई लोग शामिल हैं, जिनका पता लगाने आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने इस ठग गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि 29 जनवरी 2025 को प्रार्थिया अंजना गहिरवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरवरी 2021 को वह अपने परिवार के साथ मौसा-मौसी देवेंद्र जोशी एवं झगीता जोशी के घर आई थी, जहां बातचीत के दौरान उसने सरकारी नौकरी करने की इच्छा जाहिर की। इस पर देवेंद्र एवं उसकी पत्नी ने बताया कि उनकी बड़े अधिकारियों से जान पहचान है, जो सेटिंग कर सरकारी नौकरी लगाते हैं। यह जानने के बाद अंजना ने अपने परिचित गजेंद्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वर सोनवानी सहित अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी ने नौकरी पाने के लालच में 25-25 लाख रुपए जोशी दंपति को दे दिए, लेकिन रकम लेने के बाद दंपति ने नौकरी नहीं लगाकर सबसे धोखाधड़ी की। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि यह काम सिर्फ जोशी दंपति का नहीं, बल्कि इसके पीछे गिरोह है।



**आरोपियों के कब्जे से 50 लाख कीमत का सामान बरामदः** आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 3 मोबाइल, 4 सोने के सिक्के, 1 सोने का हार, 1 बिंदिया, 2 एसी, 1 फ्रीज, 2 पंखा, 1 होम थियेटर, 1 स्कार्पियो वाहन, 1 स्कूटी वाहन जब्त किया है।

### मंत्रालय की फर्जी ईमेल आईडी और वाहन में शासन के नाम की पट्टिका

गिरोह के लोग शिकार को झांसे में लेने के लिये अपने वाहन में छत्तीसगढ़ शासन की नाम पट्टिका का उपयोग किया करते थे, साथ ही मंत्रालय का फर्जी ईमेल आईडी भी तैयार किया था। इस आईडी से वे बेरोजगारो को मेल के माध्यम से फर्जी नियुक्ति पत्र भेजा करते थे। इस प्रकरण में अब तक लगभग 20 से अधिक पीड़ितों की पहचान की जा चुकी है, जिनसे अलग से पूछताछ एवं दस्तावेज इकट्ठा कर बारीकी से जांच की जा

### जोशी दंपति से पूछताछ में गिरोह का खुलासा

पुलिस ने इस मामले में जोशी दंपति को गिरफ्तार कर जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की, तो पता चला कि इस ठगी में एक गिरोह काम कर रहा है, जिसके सदस्य स्वप्निल दुबे 44 वर्ष निवासी गोकुल विहार बोरियाखुर्द, नफीज आलम 33 वर्ष निवासी अमन नगर मोवा पंडरी, हलधर बेहरा 31 वर्ष ग्राम बसायी पटेलपारा थाना धरमजयगढ़ रायगढ़ एवं सोमेश दुबे 44 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ थाना नयापारा वर्तमान पता एकलब्य विद्यालय

### *आरोपियों में एक रेलवे का कर्मचारी*

*आरोपियों में एक रेलवे का कर्मचारी भी है। स्वप्निल दुबे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के वैगन रिपेयर शॉप में तकनीशियन-1 के पद पर कार्यरत है। स्वप्निल दुबे ने पुलिस की पूछताछ में अपने साथी सोमेश दुबे, नफजी आलम एवं अन्य लोगों के नाम की जानकारी दी है। पुलिस को पता चला था कि स्वप्निल ही लोगों को इंद्रावती भवन में वैरिफिकेशन के लिए भेजा करता था।*

### *ठगी की रकम को कई चीजों में किया इन्वेस्ट*

*ठगी से आने वाली रकम को आरोपियों ने कई चीजों में इन्वेस्ट भी किया है। जमीन व फ्लैट खरीदने से लेकर क्रिप्टो करेंसी, इलेक्ट्रानिक्स उपरकरण में भी इन्वेस्ट किया है। इसके अलावा विभिन्न बैंक खातों में रकम जमा कराई है। पुलिस को आरोपियों के बताए गए बैंक खातों में लगभग 15 लाख रुपए मिले हैं, जिसे होल्ड कराया गया है।*

### *खरीदी गई जमीन की बिक्री पर रोक*

*आरोपियों ने ठगी की रकम से ग्राम सोनपैरी, टेकारी, कमल विहार सहित अन्य जगहों पर जमीन खरीदी है। इन सभी जमीनों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।*

## अब पेट्रोल पंपों पर भी होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ में अब पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी है। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित होने से वाहन चालकों को पीयूसी प्रमाण पत्र बनवाने में आसानी होगी और उन्हें अन्य केंद्रों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा, यह पहल वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मददगार और राज्य में पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 फरवरी को परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में वाहनों के धुएं से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत 7 फरवरी 2025 को परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केंद्र (पीयूसी सेंटर) स्थापित करने पर सहमति जताई। यह निर्णय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे वायु प्रदूषण को नियंत्रित कर आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके। बैठक में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के मुख्य प्रबंधक उपेन्द्र गिरी, भारत पेट्रोलियम के चीफ मैनेजर बी. देवकुमार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधक श्रेयस गुप्ता और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य प्रबंधक गौतम कुमार सहित परिवहन विभाग और पेट्रोलियम कंपनियों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूने मकानों में चोरी की वारदात, लाखों के सामान के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सूने मकानों की रेकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने राखी थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 5 सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपए के सामान पार किए थे। पुलिस ने उसके कब्जे से फिलहाल 11 लैपटॉप, 2 ट्रॉली बैग, कपड़ा, 2 हाथ घड़ी, 8 लैपटाप चार्जर, 4 कम्प्यूटर माउस, 1 हार्ड डिस्क एवं एलईडी टीवी बरामद की है। आरोपी मूलतः राजस्थान का रहने वाला है।



पुलिस ने सूने मकानों में चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए बताया कि अमन कुमार तिवारी ने राखी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सेक्टर-29 स्थित ब्लाक नंबर 14 के 307 नंबर मकान में रहता है तथा वह बालको मेडिकल सेंटर नवा रायपुर के चिकित्सा अभिलेख विभाग में एक्जिक्यूटिव पद पर कार्यरत है। जनवरी में 7 तारीख को वह सुबह 9 बजे घर में ताला लगाकर ड्यूटी चला गया था। दोपहर वापस पहुंचा तो घर के दरवाजा की कुंडी टूटी थी और अंदर बेडरूम में रखे सामान चोरी हो गए थे। अमन की रिपोर्ट पर पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। इस जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से आरोपी मुकेश कुमार चौधरी 32 वर्ष निवासी सेक्टर-29 मकान एचआईजी 383 नवा रायपुर के बारे में जानकारी मिली। मुकेश मूलतः ग्राम गोठडा भूरकान थाना दादिया जिला सीकर राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस ने हिरासत में लेकर जब आरोपी से पूछताछ की, तो उसने अमन तिवारी के साथ अन्य 4 स्थानों पर सूने मकान से चोरी करने का जुर्म कबूल किया। इस तरह आरोपी के कब्जे से चोरी के करीब चार लाख कीमत के सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 305, 331(3) बीएनएस, अपराध क्रमांक 23/25 धारा 305, 331(3) बीएनएस, 24/25 धारा 305, 331(3) बीएनएस एवं धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

*सिम्स के त्वचा रोग विभाग में एडमिशन पर उठी अंगुली, शिकायत अधिकारियों से*

## चार महीने से चल रही एमडी-एमएस की प्रवेश काउंसिलिंग में बोनस अंक पर फिर उपजा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवंबर के पहले सप्ताह में मेडिकल कालेजों के एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश के लिए शुरू हुई कांउसिलिंग चार माह बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। पहले राउंड के बाद शासकीय सेवा के बदले चिकित्सा अधिकारियों को दिया जाने वाला बोनस अंक फिर विवाद का कारण बन गया है। बिलासपुर सिम्स में बोनस अंक के आधार पर दूसरे राउंड में त्वचा रोग विभाग की सीट पाने छात्र के खिलाफ अफसरों से शिकायत की गई है। आरोप है कि उसे तीस प्रतिशत बोनस अंक गलत तरीके से दिया गया है। मेडिकल कालेज के पीजी प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू हुई थी। विभिन्न प्रक्रिया और अदालत तक पहुंचने वाले मामलों की वजह से हुई लेटलतीफी के बाद पहले राउंड का एडमिशन दिसंबर में हुआ। उस दौरान रायपुर मेडिकल कालेज में रेडियो डायग्नोसिस की सीट पाने वाले डाक्टर के बोनस अंक पर सवाल खड़ा किया गया था। जांच में तीस प्रतिशत बोनस अंक का आवंटन नियमानुसार नहीं होने की वजह से उसका एडमिशन रद्द हुआ और बाद में उसे दूसरी सीट मिली थी। दूसरे राउंड के एडमिशन में भी यही मसला सामने आ गया है। इस बार सिम्स में डर्मेटोलॉजी की सीट पाने वाले चिकित्सा अधिकारी डा. भावेश पटेल को 30 फीसदी बोनस अंक देने में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत अन्य उम्मीदवारों ने की है।



### क्या है बोनस अंक

नियम के मुताबिक एमबीबीएस के बाद हेल्थ सेंटरों में चिकित्सा अधिकारियों के रूप में सेवा देने वालों को हर साल दस प्रतिशत के हिसाब से पीजी एडमिशन में बोनस अंक दिया जाता है। यह अधिकतम तीस प्रतिशत होता है और पूरे अंक के लिए 31 जनवरी के तीन साल की सेवा पूर्ण करने वाले पात्र होते हैं। आरोप है कि तीन साल की सेवा पूरी किए बिना ही इस चिकित्सा अधिकारी को पूरा अंक प्रदान कर दिया गया है। सीजीडीएफ द्वारा इस नियम को हटाने की भी मांग की गई थी, मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

### प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव मनाया

**रायपुर।** रायपुर राज देवांगन कल्याण समाज की ओर से रविवार को इंद्रप्रस्थ रायपुरा में प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंडबाजा एवं आतिशबाजी के साथ धूम-धाम से कलश यात्रा लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ सामूहिक विवाह के लिये आये हुए दूल्हे की बारात साथ में निकाली गई। विधिवत पूजा के बाद समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें छग के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी विजय आनंद देवांगन ने बताया, कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में समाज के लोग उपसस्थित हुए।

## कमाई का 30 फीसदी खर्च करना है स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के उत्थान पर

# प्रदेश की 32 सौ मस्जिदों को ऑडिट कराने का फरमान वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बोले- नहीं कराने पर होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने अब प्रदेश की 32 सौ मस्जिदों से सालभर की आय का पूरा लेखा-जोखा ऑडिट करा कर देने का फरमान जारी किया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने सभी को साफ शब्दों में चेताया है, जो भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा। इसी के साथ सभी से संपत्तियों की भी जानकारी मांगी गई है। इनको भी सार्वजनिक किया जाएगा।

डा. सलीम राज ने बताया, वक्फ संशोधन विधेयक असल में मुस्लिम भाग्य विधाता बिल है। इसीलिए अब सब कुछ डिजिटल भी किया जा रहा है। इस बिल में हर मस्जिद को सालभर में अपना ऑडिट कराना जरूरी है। इसलिए हमने छत्तीसगढ़ की भी सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों से अपना ऑडिट करा कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। उन्होंने बताया, मस्जिदों की जो भी कमाई होती है, उसमें से 30 फीसदी हिस्सा मुस्लिमों की शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के उत्थान पर खर्च करना है। जो लेखा-जोखा मांगा गया है, उसमें साप्ताहिक कमाई, बैंक खाता नंबर, चेक से भुगतान की जानकारी और कई अन्य जानकारी मांगी गई है। सभी को हर हाल में मार्च तक ऑडिट रिपोर्ट देनी है। जो भी जानकारी नहीं देगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




### संपत्ति की भी मांगी जानकारी

छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड के नाम पर जितनी भी प्रॉपर्टी है, सभी की जानकारी भी सार्वजनिक की जाएगी। कहां कितनी संपत्ति है, इसकी जानकारी मांगी गई है। इसे डिजिटल रिकॉर्ड में अपडेट किया जाएगा। संपत्ति की जानकारी छिपाने वालों या कब्जा करने वालों पर बोर्ड कार्रवाई भी करेगा। वक्फ के पास प्रदेशभर में 5000 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी है। वक्फ बोर्ड के पत्र में सभी जिलों के मुतवल्लियों से मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों, कब्रिस्तानों, दुकानों, कृषि भूमि, स्कूलों, और प्लॉट्स की जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इन दस्तावेजों को 12 फरवरी तक भेजने को कहा गया है। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा करने के लिए इनकी जानकारी सेंट्रल पोर्टल में अपलोड की जाएगी। डा. सलीम राज ने कहा, किस संपत्ति से कितना किराया आ रहा है, इसकी भी जानकारी मांगी गई है। इस किराए का क्या उपयोग हो रहा है, इसकी भी जानकारी देने कहा गया है। जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, उस संपति को राजसात भी किया जाएगा।

## बैज बोले- भारतीय नागरिकों को इस तरह भेजना शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, गुरुवार का दिन देश के लिए शर्मनाक दिन रहा, वह इसलिए, क्योंकि अमेरिका में हमारे अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियों और बेड़ियों से जकड़कर अमेरिका सेना के विमान से भारत भेजा गया और इस पूरे घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री चुप हैं।

■ इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी दुर्भाग्यजनक

श्री बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक शब्द भी नहीं बोलना सबसे बड़ा दुर्भाग्यजनक है। हमारे प्रवासी भारतीयों ने ऐसा कौन-सा गुनाह किया था, जो उनको हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर अमेरिकी सेना के विमान से यहां लाया गया? आखिर सेना के विमान को यहां उतरने की अनुमति सरकार ने क्यों दी? हमारे देश के विमान से यहां लाते, सम्मान से लाते। कोलंबिया एक उदाहरण है, वहां के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सेना के जहाज को अपने देश में उतरने नहीं दिया, वापस भेजा और ससम्मान खुद के विमान ने अपने नागरिकों को ले आए तथा एयरपोर्ट पर उन्होंने बकायदा स्वागत भी किया। श्री बैज ने कहा, 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री मोदी क्यों चुपचाप हैं। हमारे देश के नागरिकों से अपमानजनक व्यवहार हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री बैज ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के विरोध में प्रदेशभर में पुतला दहन किया गया है।

### चैरिटी के लिए फन रन इवेंट का आयोजन आज

**रायपुर।** छोटे बच्चों के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो दीवास द्वारा फन रन इवेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य चैरिटी है। यह इवेंट का दूसरा वर्ष है, इसमें विगत वर्ष में 4 वर्ष से 14 वर्ष उम्र के बच्चे इसमें भाग ले सकते, परंतु इस साल 4 वर्ष या उस से बड़े सभी लोग इसमें भाग ले सकते हैं। यह एक तरह की रेस इवेंट है, इसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम कोटा स्टेडियम में 9 फरवरी को आयोजित है। इवेंट के चेयरपर्सन शुभम बरड़िया, शिल्पा चोपड़ा, प्रियंका मालू एवं श्वेता बेगानी हैं। इवेंट के स्पांसर रीवरडेल हाईस्कूल एवं आमंत्रण ज्वेलर्स हैं। रायपुर कॉस्मो दीवास अध्यक्ष विनीता सिंघल एवं सचिव कोपल सरावगी ने यह जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### वॉलीबाल व हाकी टीम का चयन दस फरवरी को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा वालीबॉल, हॉकी तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। बीएसपी के नियमित कर्मचारी तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग लेकर अंतर इस्पात संयंत्र वालीबॉल, हॉकी तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बीएसपी टीम में चयनित हो सकते हैं। चयन स्पर्धाओं के प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे। 25 से 28 फरवरी तक आयोजित 'सेल' अंतर इस्पात संयंत्र (पुरूष) वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये चयन स्पर्धा का आयोजन वालीबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में दिनांक 10 फरवरी को शाम 6. 30 बजे से किया जा रहा है। इच्छुक वालीबॉल ग्राउंड में निम्न चयनकर्ताओं श्री दीपक मित्रा व श्री अजय कुमार सोनी के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं राउरकेला इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 फरवरी तक किया जा रहा है । चयन स्पर्धा का आयोजन जयंती स्टेडियम, में दिनांक 10 फरवरी को दोपहर 3 बजे से किया गया है। पुरूष कार्मिक खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में 9 फरवरी तक निम्न चयनकर्ताओं टी बुरिल व श्री प्रवीण उपाध्याय के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### नेहरू नगर चौक में ट्रैफिक सिग्नल बंद

**भिलाई।** नेहरूर नगर चौक पर हफ्तों से ट्रैफिक सिग्नल बंद होने का खामियाजा वाहन चालकों और ट्रैफिक सिपाहियों को भुगतना पड़ रहा है। इसे अब तक नहीं सुधारने से अव्यवस्थित ट्रैफिक होने के साथ दुर्घटना का भी अंदेशा बना हुआ है। छिटपुट दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। विपरित दिशा से आने वाले वाहन चालक असमंजस में होते हैं। वहीं यातायात सिपाहियों को व्यवस्था बनाने खुद को जोखिम में डालने अधिक मशक्कत हो रही है।

पेज 11 का शेष...

### साइबर अरेस्ट मामले...

भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

**यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया आरोपी-** जिला बालोद पुलिस द्वारा लगातार सायबर फ्राड से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर आरोपी को सायबर तकनीकी सहायता से एक टीम तैयार कर मैसूर कर्नाटक राज्य भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उसने अपने साथियों के साथ अपराध करना कबूल किया। इसके साथ ही मामले में दो अन्य लोगों के भी संलिप्त होने की जानकारी दी। प्रकरण में धारा 420, 34, 411, 413, 120(बी) भादवि में गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## लापरवाही : सफाई व्यवस्था चरमराई, आवारा मवेशियों से गंदगी व दुर्घटनाएं

# तीन सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी टाउनशिप में सुविधाएं बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### बीएसपी सहित नगर निगम भिलाई व रिसाली निगम विकास को भूले





टाउनशिप के विकास के लिए तीन तीन सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं । भिलाई इस्पात संयंत्र और नगर निगम भिलाई तथा नगर निगम रिसाली के पास संसाधनों की कमी नहीं है और बजट भी अरबों रुपए का है। इसके बाद भी लोगों को बेहतर सहूलियतों के लिए तरसना पड़ रहा है। पचास साल से अधिक पुरानी हो चुकी टाउनशिप को रिनोवेट करना तीनों एजेंसियां के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

पटरीपार का आधा शहर टाउनशिप क्षेत्र में आता है। निगम के कुल वार्डों के करीबन आधे वार्ड इस क्षेत्र में हैं। पिछले चौबीस साल से भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ नगर निगम इस क्षेत्र में विकास या निर्माण कार्यों को लेकर उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। वर्ष 2000 में साडा के नगर निगम में तब्दील होने के पूर्व सिर्फ बीएसपी पर ही निर्माण और संधारण की जिम्मेदारी थी। यानी वर्षों से भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ नगर निगम भिलाई और पिछले पांच साल से नगर निगम रिसाली भी अस्तित्व में है। लेकिन तीन तीन सरकारी संस्थाएं मिलकर भी इस्पातनगरी में बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया नहीं करवा पा रही हैं। पार्षदों और यूनियनों के मुताबिक बीस साल पूर्व ग्रीन सिटी क्लीन सिटी की टाउनशिप की चमक अब फीकी पड़ती जा रही है। आवासीय, साफ सफाई, पानी, क्रास स्ट्रीट आदि बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। सफाई व्यवस्था चरमरा चुकी है। आवारा मवेशियों की समस्या रिहायशी क्षेत्रों से सड़कों और मार्केटों तक लाइलाज हो चली है। पब्लिक प्लेस के भवन जर्जर हो रहे हैं।

### टाउनशिप को सर्वसुविधायुक्त नहीं बना पा रहे

टाउनशिप में बेहतर बुनियादी सुविधाओं की बहाली बीएसपी के साथ नगर निगम भिलाई और रिसाली निगम के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। अरबों के बजट वाले दोनों निगम उद्यान, डोमशेड, बैडमिंटन कोर्ट और पेवरब्लाक बनवाकर विकास का दावा कर रहे हैं। टाउनशिप में दर्जनभर से अधिक उद्यान पांच साल से अधूरे पड़े हैं। पार्षदों और यूनियनों के मुताबिक अरबों रुपए के बजट और जंबो संसाधनों के बाद भी तीनों एजेंसियां मिलकर टाउनशिप को सर्वसुविधायुक्त नहीं बना पा रहे हैं।

### जर्जर आवासों से समस्या

दो दशक पूर्व टाउनशिप की पहचान एक सुंदर और स्वच्छ शहर की हुआ करती थी। लेकिन अब इसके पूरे सेक्टरी एरिया में फैले गाजर घास व झाड़ियां, जगह जगह कूड़े कचरे के ढेर, ओवरफ्लो होते डस्टबीन और विचरते हजारों आवारा मवेशी, कुत्ते और सुअर की समस्या से सफाई व्यवस्था बदहाल है। पचास साल पुराने हजारों बीएसपी आवास जर्जर हो चुके हैं और जाम होते टायलेट, बाथरुम व सीपेज, झूलती वायरिंग से रहवासी परेशान हैं। जेएलएन अस्पताल रेफरल सेंटर बन गया है और हेल्थ सेंटर, इस्पात क्लब समस्याग्रस्त हैं। नेहरु सांस्कृतिक भवन मेंटेनेंस मांग रहा है ।

# पीडीएस चावल तस्करी में ट्रांसपोर्टर का बड़ा खेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में पीडीएस चावल की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गरीबों को मिलने वाला राशन अब कोचियों के मार्फत इसे बेचा जा रहा है। इस अवैध कारोबार में ट्रांसपोर्टरों का बड़ा खेल रहता है। जैसे ही खाद्य विभाग से राशन दुकानों का डीओ कट जाता है। ट्रांसपोर्टर राशन दुकानों के संचालकों से संपर्क करना शुरु कर ऊपर से ही पीडीएस चावल को कटा दिया जाता है। इस खेल में खाद्य विभाग दुर्ग के अधिकारियों का बडा रोल रहता है। इस कारण भिलाई-दुर्ग में चॉवल तस्करी का खेल बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। बल्कि कारोबार में कई राइस मिलरों का भी बड़ा हाथ है। इस कारण कई बार राशन कार्डधारियों को चॉवल तक नसीब नहीं हो पाता है। राशन दुकान संचालक कई बार अपना दुकान बंद तक करते है। मिली जानकारी के मुताबिक त्रिदेवी जो कभी मोपेड में चॉवल बेचने का काम करता था आज गरीबों के हक को मारकर बेखौफ तरीके से तस्करी करते आ रहा है। इसे बंटी पूरी तरह से टेक ओवर कर रखा है। बंटी और त्रिदेवी की जोड़ी क्षेत्र के सारे राशन दुकानों से अधिक दामों पर चावल तस्करी करते आ रहें है। इसी अवैध कारोबार से बंटी बंगला खडा कर चुका है। इसके अलावा अब राइसमिल तक खोलने की तैयारी में है। बंटी वर्ष 2008 से पीडीएस चावल चावल के अवैध धंधे में कूदा था। आज छुट भैया बनकर त्रिदेवी से चॉवल तस्करी करा रहा है। मोपेड वाला त्रिदेवी की गाड़ी जहां फंसती है। वहां बंडल लेकर पहुंच जाता है। लेकिन इतने दिनों में जिले का खाद्य विभाग भी इसे पूरी तरह से मानों संरक्षण दे रखा है।

### शिकायत पर कार्रवाई

“ गरीबों के चॉवल की तस्करी करने वालो को नहीं बख्शा जाएगा। शिकायत करने पर निश्चित रुप से कार्रवाई होगी। इस तरह की कोई भी बात हो तो विभाग में तुरंत शिकायत करे।टीम बनाकर जांच कर कार्रवाई किया जाएगा।

**दयालदास बघेल**
खाद्य मंत्री छग शासन

डौंडीलोहारा नगर पंचायत के रामनगर वार्ड क्रमांक 15 के चहुमुखी विकास के लिए शिक्षित, समाजसेवक, मृदुभाषी, सरल स्वभाव के धनी कर्मठ एवं जुझारू निर्दलीय प्रत्याशी



सेवा राम चंदेल को कम्प्यूटर छाप में 5नं. पर बटन दबाकर प्रचण्ड मतों से विजयी बनावें।
विनीत : समस्त वार्डवासी, वार्ड क्र.15

## निराला जयंती पर काव्य पाठ का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन और छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में निराला जयंती बसंत पंचमी के अवसर पर काव्य पाठ का आयोजन किया गया । छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव के निवास "साहित्य परिसर" सेक्टर 10 में सम्पन्न इस आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गुलवीर सिंह भाटिया ने की ।

वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू मुख्य अतिथि थे । कवयित्री अनिता करडेकर ने निराला रचित सरस्वती वंदना का सस्वर पाठ किया,कवयित्री सन्तोष झांझी ने गजलें प्रस्तुत की ।रवि श्रीवास्तव ने निराला के पैतृक निवास की यात्रा पर अपना संस्मरण सुनाया और साथी बसन्त देशमुख व अशोक सिंघई को भी याद किया और अपनी कविता सुनाई ।छत्तीसगढ़ प्रलेसं के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने वर्तमान परिदृश्य पर अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया ।व्यंग्यकार विनोद साव ने चुटीले व्यंग्य का पाठ किया। शायर मुमताज व डॉ .संजय दानी ने गजलें सुनाई । विद्या गुप्ता ने निराला पर कविता प्रस्तुत की । रिद्धिमा व आरूष ने भी कविता सुनाई। शिक्षाविद एन एन पांडे,शिव मंगल सिंह ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर डां. कोमल सिंह शारवा, सरला शर्मा, अविनाश सिपाहा, जीपी हल्दकर आदि साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रवि श्रीवास्तव व परमेश्वर वैष्णव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ट्विनसिटी में अभी भी गर्म-सर्द का मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



प्रदेश में उत्तरी हवा का प्रभाव धीरे-धीरे खत्म होने के कारण गुरुवार को मौसम में व्यापक बदलाव देखा गया। सुबह नम हवाएं चलने लगी और दोपहर को गर्मी। शाम होते ही फिर से ठंडी का एहसास हुआ। गर्म-सर्द मौसम की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार 8 फरवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में एक बार पुनः वृद्धि होने की संभावना है।

## एसआरयू में आनलाइन हिंदी कार्यशाला

**भिलाई।** सेल रिफेक्ट्रीज यूनिट सहित एसआरयू की चारों यूनिटों में में आनलाइन एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर राजभाषा अधिकारी बीएसपी बीएम तिवारी थे। उन्होंने हिन्दी भाषा के उपयोग को फायदेमंद बताते हुए सभी से अपने पुराने अनुभव साझा किये । प्रबंधक शुभम मिश्रा ने “दैनिक कार्यकलापों में हिंदी को कैसे उपयोग में लाया जा सकता है” विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य महाप्रबंधक श्री विशाल शुक्ल द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर एसआरयू, भिलाई से जीएम प्रभारी आरसी भोई, एस.के. पलाडिया, संदीप श्रीवास्तव, मनोज जैन, एजीएम पीआर कौशिक, डॉ प्रियंका दास आदि अधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे 10 फरवरी के अंक में

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर



प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार — 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार — 1100
नियम व शर्तें लागू*

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10 .30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट करने की शिकायत, मामला दर्ज

**बालोद।** गुण्डरदेही थाने में दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम चारभाठा निवासी योगेन्द्र कुमार सेन ने बताया कि 6 जनवरी को अपने चाचा जीवधन सेन से मिलने के लिये ग्राम भोथीपार गया था। उन्होंने बताया कि मैं और मेरे चाचा जीवधन सेन के साथ भोथीपार से ग्राम चारभाठा अलग-अलग मोटर सायकल में जा रहे थे। ग्राम चारभाठा गौठान के पास पहुंचे थे, उसी समय गोविंद साहू व सुनील साहू ग्राम चारभाठा निवासी ने मेरे मोटर सायकल को रास्ते में रोक कर गाली गलौज कर सुनील साहू ने लोहे के राड से तथा गोविंद साहू ने हाथ मुक्का से मारपीट की।

### मारपीट की शिकायत पर मामला दर्ज

**बालोद।** निषाद समाज के सामाजिक चपरासी द्वारा समाज को गाली दे रहे निमल निषाद को गाली देने से मना करने पर निमल ने चपरासी को पीट दिया। रनचिराई थाने में निमल निषाद के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम हरणसिंघी निवासी धनसिंग निषाद ने बताया कि ग्राम हरणसिंघी में किशुन निषाद के पान ठेला के सामने शुक्रवार को खड़ा था, गांव के निमल निषाद आया और बिना किसी कारण के समाज को लेकर गाली गुप्तार कर रहा था, जिसे मेरे द्वारा बिना किसी कारण के गाली गलौज क्यों कर रहे हो कहकर मना करने पर निमल निषाद द्वारा मना करने वाले कौन होते हो कहकर मुझे गालीगलौज देकर मारपीट किया है।

### मकान से नकदी 75 हजार व जेवरात पार

**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी के सूने मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि पोटिया दुर्ग निवासी जितेश कुमार 4 फरवरी की शाम मकान में ताला जड़कर अपनी मां प्रभा गुडे की दवाई देने के रायपुर गया हुआ था। 6 फरवरी की सुबह व्यक्ति ने फोन कर जानकारी दी कि मकान के सामने का दरवाजे का ताला टूटा है। पीड़ित रायपुर से घर पहुंचा तो रखा गया मकान का कैमरा,मोबाइल, आलमारी के लॉकर में रखे 75 हजार रुपए नगद और मेकअप कीट गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया गया।

### दिनदहाड़े बाइक चोरी

**भिलाई।** दिनदहाडे बाइक चोरी की वारदात हो गई। सीसी कैमरे में चोरी करते युवक कैद हो गए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 3(5), 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम मुड़पार उतई निवासी विजय कुमार यादव का स्वंय का लोहे, एंगल, पाइप का दुकान फुंडा में है। 5 फरवरी को सुबह पीड़ित का मामा बाइक से दुकान आया था। दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दुकान के भीतर मामा कर्मियों के साथ दुकान में था। बाइक में चाबी लगी हुई थी। अज्ञात युवकों ने बाइक को पार कर लिया। दुकान के भीतर लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोरी करते दिखाई दे रहें है। पुलिस ने कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर आरोपी के बारे में पतासाजी शुरु कर दी है। विवेचना जारी है।

# बागियों के साथ प्रचार करने वाले 11 कार्यकर्ताओं को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा पार्टी को छोडकर बागी प्रत्याशियों का साथ देकर प्रचार-प्रसार करने वाले 11 लोगों को पार्टी से निकाल दिया गया हैं। वहीं दुर्ग नगरनिगम के सात प्रत्याशी को दूसरी सूची जारी कर निलंबित किया हैं।

नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने दुर्ग जिले के लिए निष्कासन की दूसरी सूची जारी करते हुए 7 लोगों को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया, वहीं पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव प्रचार-प्रसार करने के आरोप एवं अनुशासन भंग के मामले में 11 लोगों की प्राथमिक सदस्यता को निलंबित किया। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, पूर्व में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा दुर्ग शहर के 30 लोगों सहित जिले भर से कुल 45 लोगों का निष्कासन किया गया था।

## दुर्ग जिले में अब तक 63 पर कार्रवाई, दुर्ग और पाटन में 11 लोग निलंबित

### भाजपा में ये लड रहे थे बागी होकर

दूसरी सूची में दुर्ग नगर निगम से पार्षद प्रत्याशी के रूप में बागी के तौर पर चुनाव लड़ रहे वार्ड 18 से महेंद्र सागरवंशी, वार्ड 50 से प्रतिभा आदित्य झा, वार्ड 53 से योगेश्वर लाला निर्मलकर, वार्ड 55 से कुशल उजाला और बलबीर साहू और अमलेश्वर नगर पालिका परिषद के वार्ड 3 से राजू सोनकर, वार्ड 12 से रुक्मणी साहू का निष्कासन हुआ है। इस प्रकार अब तक दुर्ग जिले में कुल 52 लोगों का 6 वर्ष के लिए निष्कासन किया जा चुका है।




### 11 कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता समाप्त

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव प्रचार करने के आरोप एवं अनुशासन भंग के मामले में 11 कार्यकर्ताओं की प्राथमिक सदस्यता निलंबित की गई है, जिसमें दुर्ग नगर निगम से गुड्डू यादव (वार्ड 29), मनोज यादव (वार्ड 50), आदित्य झा (बोरसी), पोषण साहू (वार्ड 53) को निष्कासित किया गया है। वहीं बागी का साथ देने वाले पाटन नगर पंचायत से सीता होरी देवांगन, राजा शर्मा, कुणाल शर्मा, नितेश तिवारी, राधे यादव, व्यास नारायण देवांगन और लक्ष्मण निर्मलकर की प्राथमिक सदस्यता निलंबित की गई है। दुर्ग में अब तक 52 लोगों का निष्कासन और 11 का निलंबन मिलाकर 63 लोगों पर कार्यवाही हो चुकी है।

## शिविर : अखिल भारतीय जैविक कृषि प्रशिक्षण प्रमुख ने खेती में कीटनाशकों के उपयोग पर जताई चिंता

# जहरीले कीटनाशकों के जहर का अंश पूरे प्राकृतिक सिस्टम पर पड़ता है : राघवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

हमें गोबर गोमूत्र से उत्पन्न अन्न की आवश्यकता है। हजारों सालों से हमारी खेती बहुत परिष्कृत एवं उन्नत थी, लेकिन हमारी उत्कृष्ट कृषि पद्धति को दूषित किया गया, आज विश्व पुनः जैविक कृषि की ओर लौट रहा है।

- श्रीराम गौशाला सिलिडिह में गौपालन एवं जैविक कृषि प्रशिक्षण शिविर जारी

उक्त बातें श्रीराम गौशाला सिलिडिह में से चल रहे तीन दिवसीय गौपालन एवं जैविक कृषि प्रशिक्षण शिविर में अखिल भारतीय जैविक प्रशिक्षण प्रमुख राघवन ने कही। गौ शाला में गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेसर पटेल के मार्गदर्शन में गौ आधारित कृषि एवं गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 7 फरवरी से किया जा रहा है, इसका समापन 9 फरवरी को होगा।

शिविर में गौ पालकों व गौ शाला संचालकों को मानव जीवन में गाय, गोबर, गोमूत्र से उत्पन्न अन्न के महत्व के साथ गोबर, गोमूत्र से निर्मित होने वाले जीवामृत, घनजीवामृत, अमृतजल, जैविकखाद, कीट नियंत्रक के 12 प्रकारों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि किस प्रकार हम इनके माध्यम से बिना रासायनिक खाद, रासायनिक कीटनाशक के बिना अच्छी पैदावार ली जा सकती है।

मुख्य प्रशिक्षक राघवन ने कहा कि मानव की बीमारी का मूल कारण अन्न है। हम खेतों में जिस प्रकार के जहरीले कीटनाशकों का उपयोग करते हैं, उसके जहर का अंश पूरे प्राकृतिक सिस्टम पर पड़ता है। उन्होंने तथ्यों को उदाहरण के साथ बताया कि कैसे एक खेत में जहरीली दवाई डालने से घास, पानी, जमीन, जीव जंतु मानव पर उसका प्रभाव पड़ता है।



### सृष्टि ने पृथ्वी पर पूरा चक्र बनाया है

राघवन ने कहा कि सृष्टि ने पृथ्वी पर पूरा चक्र बनाया है। जो वस्तु मानव के लिए वेस्ट है, वह गाय के लिए बेस्ट है। गाय का वेस्ट केंचुए के लिए बेस्ट है, केंचुए का वेस्ट पौधों के लिए बेस्ट है एवं पौधों का वेस्ट मानव के लिए बेस्ट है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम सीधे विटामिन मिनरल, प्रोटीन लेकर लंबे समय तक नहीं रह सकते वैसे ही पौधों को भी सीधे रसायन देकर जमीन पौधों को सुरक्षित नहीं रख सकते। उन्हें प्राकृतिक तरीके से ही उर्वरक उपलब्ध होना चाहिए, इसके सर्वोत्तम उर्वरक गोबर, गोमूत्र से निर्मित जैविक खाद है।

# मौसम के नरम-गरम मिजाज ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

## अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या

**बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण शनिवार को धूप के बीच हुआ ठंड का अहसास**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण शनिवार को मौसम नरम–गरम रहा। अलसुबह आसमान पर कोहरे छाए रहे। घंटेभर बाद धूप निकली। वहीं, दोपहर से शाम तक तेज धूप के बीच लोगों को ठंड का अहसास हुआ। बीते कई दिनों से मौसम में बदलाव की वजह से लोगों को ठंडी और अचानक गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है, जिसकी वजह से मौसम में इस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है।

मौसम के हर दिन उतार–चढ़ाव का असर लोगों के सेहत पर पड़ने लगा है। लोग बीमार पड़ने लगे हैं। सर्दी, खांसी और बुखार से लोग ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं। ज्यादातर घरों में यह स्थिति देखी जा रही है। अस्पतालों व क्लीनिकों में पीड़ितों की भीड़ बढ़ गई है। जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे रहे हैं। मोहल्ले के प्राइवेट क्लीनिकों में लोग इलाज करवा रहे हैं। डॉक्टर बताते हैं कि खांसी ने लोगों को लंबे समय तक जकड़ कर रखा है।

**अधिकतम तापमान सामान्य से रहा ज्यादा-** मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। दिन का तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है। आसमान पर बादल भी छाए रह सकते हैं और ठंडी का एहसास भी होता रहेगा।

### स्वरांजलि कार्यक्रम में गीतों की महफिल सजा

# कलाकारों ने बांधा समां, नए व पुराने नगमों से लोगों का मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन में बसंत पंचमी के पावन दिवस पर स्वरांजली द्वारा प्रस्तुत कुछ सुने कुछ अनसुने सदाबहार गीतो की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथी डा. मानसी गुलाटी और विशिष्ट अतिथी अशोक राठी, प्रदेश मंत्री छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज जिला इकाई दुर्ग थे। कार्यक्रम मे संजय दुबे, माधुरी आनंद, कला शर्मा, प्रगति दुबे, जाहिद अली, सूरज अग्रवाल, आरिफ हुसैन, पीयूषा मनहरे, सचिन दुबे, शाहिद, अनुभव जैन, राशि दुबे, अनिल शुक्ला, अविनाश तिवारी और विशाल गुप्ता ने अपनी शानदार मनमोहक आवाज से सभी श्रोताओ का दिल जीत लिया। स्वरांजली द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डा. मानसी गुलाटी एवं विशिष्ट अतिथी श्री अशोक राठी तथा अन्य सभी प्रतिभागी कलाकारो को स्मृति चिन्ह भेट किये गये। कार्यक्रम मे रूपेश कुमार दुबे, देवेन्द्र कसार, जीजस साहू, संजय पाण्डे, राजकुमार शर्मा, विनोद जगत, रमेश वर्मा, अमित अग्रवाल, आनंद कश्यप, फणीश तिवारी, अनिल गुप्ता, डा. हरीश कश्यप, श्रीमती शिवा द्विवेदी, ऋतु दुबे, संतोष यदु आदि उपस्थित थे।

### जागो वोटर अभियान

# महिलाओं ने पारंपरिक रीति से दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जाबो कार्यक्रम के तहत जागो वोटर अभियान के माध्यम से जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाताओं को अपने अधिकारों व मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने महिलाओं ने रंगों और फूलों से रंगोली बनाकर शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली और मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया। रंगोली के जरिए उन्होंने प्रभावशाली तरीके से लोगों तक मतदान के प्रति प्रेरणा का संचार किया। इसके अलावा महिलाओं ने पारंपरिक रीति से कलश स्थापित कर जिले में निर्विघ्न निर्वाचन प्रक्रिया की कामना की। कलश स्थापना भारतीय संस्कृति में शुभ कार्यों की शुरुआत के प्रतीक के रूप में मानी जाती है। महिलाओं का यह उत्साहपूर्ण प्रयास सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है, साथ ही मतदान के महत्व को भी उजागर करता है।

- महिलाओं ने ली शत-प्रतिशत मतदान की शपथ

### ईवीएम प्रदर्शन शिविर

# मतदाताओं की शंकाओं व जिज्ञासाओं का किया जा रहा है निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहरी वार्डों में नगरीय निकाय निर्वाचन में ईवीएम के संचालन के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिक निगम क्षेत्र के 12 वार्डों में सुबह 10.30 से 5 बजे तक आम नागरिकों को महापौर तथा पार्षद के पदों पर वोट डालने की प्रक्रिया मास्टर ट्रेनर डॉ. अविनाश अवस्थी द्वारा बताई गई। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र में दो बैलेट यूनिट लगाई जायेगी। बैलेट यूनिट में सफेद रंग में महापौरऔर गुलाबी रंग में पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम, फोटो और चुनाव चिन्ह चस्पा होगा। बैलेट यूनिट में अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देने के पश्चात वीप की आवाज आएगी और लाल लाईट भी जलेगी। मतदाताओं को इएनडी बटन, नोटा के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। वार्ड में लगने वाले शिविर में आम नागरिकों की शंकाओं, जिज्ञासाओं का निराकरण किया जा रहा है।

**आज इन वार्डों में शिविर:** आज 12 वार्डों में वार्ड 14 सिकोला भाठा, वार्ड 59 कातुलबोर्ड, वार्ड 25 गायत्री मंदिर वार्ड, वार्ड 10 शंकर नगर, वार्ड 5 मगर पारा, वार्ड 34 शिवपारा, वार्ड 8 तकिया पारा, वार्ड 38 मिलपारा, वार्ड 43 कसारिडीह, वार्ड 53 पोटिया कला एवं वार्ड 30 तमेर पारा में शिविर लगाया जाएगा।

# पंच में दो और सरपंच के लिए चार गुना प्रत्याशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि, पंच के लिए जहां सीट से दुगुना प्रत्याशी मैदान पर है, वही सरपंच के लिए चार गुणना से ज्यादा प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

जानकारी अनुसार जिले में पंच के 4744 पद है, जिसमें 8702 प्रत्याशी चुनाव लड रहे हैं, वही सरपंच के तीन सौ पदों के लिए मैदान पर 1358 प्रत्याशी हैं। इस तरह तीनों जनपद के 74 सीटों के लिए 293 प्रत्याशी मैदान पर है। इसी तरह जिला पंचायत के बारह सीटो के लिए 47 प्रत्याशी मैदान पर जंग के लिए उतरे हैं। जानकारी अनुसार चुनाव चिन्ह आबंटन होने के बाद गांव में प्रचार प्रसार का दौर शुरू हो गया है।





